केंद्रीय कारागार अलवर में 'आशाएँ दा फिलिंग स्टेशन' का शिलान्यास

चर्चा में क्यों?

22 जनवरी, 2023 को राजस्थान के पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह एवं कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने राज्य में कारागार विभाग की बंदियों को रोज़गार से जोड़ने एवं आमजन को सुविधा उपलब्ध कराने की अभिनव पहल के तहत केंद्रीय कारागार परिसर अलवर में पेट्रोल पंप 'आशाएँ दा फिलिंग स्टेशन'का शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह एवं कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने बताया कि कारागार विभाग की इस पहल से खुली जेल में रहने वाले अच्छे चाल-चलन व आचरण वाले बंदियों को उनकी योग्यतानुसार रोज़गार उपलब्ध हो सकेगा। बंदी व उनके परिवार के लिये ससम्मान जीवनयापन करने के साथ, समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिये यह प्रयास अहम कड़ी साबित होगा।
- इस पेट्रोल पंप का संचालन बंदियों द्वारा ही किया जाएगा, जिसकी मॉनिटरिंग कारागार मॉनिटरिंग समिति द्वारा की जाएगी।
- उन्होंने बताया कि राज्य सरकार विभिन्न नवाचारों के माध्यम से जेल के बंदियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। वहीं खुली जेल में रहने वाले कैदियों को इन नवाचारों के माध्यम से समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।
- केंद्रीय कारागार के अधीक्षक प्रदीप लखावत ने बताया कि कारागार विभाग एवं इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लि. के सहयोग से केंद्रीय कारागार परिसर में 'आशाएँ'संस्था द्वारा यह पेट्रोल पंप संचालित होगा।
- प्रथम चरण में पेट्रोल और डीजल एवं द्वितीय चरण में सीएनजी भी यहाँ उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जाएगी। करीब डेढ़ से दो माह में यह पेट्रोल पंप प्रारंभ हो जाएगा।
- प्रदीप लखावत ने बताया कि पेट्रोल पंप के लिये चयनित भूमि पर से हटाए गए वृक्षों की जगह जेल परिसर में कई गुना अधिक वृक्ष लगाए गए हैं, जिनकी देखरेख जेल के बंदियों द्वारा की जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/aashayein-the-filling-station